**दिनांकः—...॥..../..12..../2024 को लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, पटना पश्चिम अन्तर्गत प्राप्त निविदा के तकनीकी बीड् के मूल्यांकण हेतु गठित " निविदा समिति" की संपन्न बैठक की कार्यवाही**

**उपस्थिति–**

| | |
|---|---|
| श्री पंकज कुमार | –प्रधान सचिव |
| मो0 सादुल्लाह जावेद | –अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव |
| श्री नित्यानन्द प्रसाद | –मुख्य अभियंता, उत्तर बिहार |
| श्री दयाशंकर प्रसाद | –मुख्य अभियंता, दक्षिण बिहार–सह–मुख्य अभियंता, रूपांकण |
| श्री राजेश प्रसाद सिन्हा | –मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र, मुजफ्फरपुर |
| श्री रामचन्द्र पाण्डेय | –मुख्य अभियंता, पूर्णियाँ प्रक्षेत्र, पूर्णियाँ |
| श्री प्रसुन्न कुमार | –मुख्य अभियंता, भागलपुर प्रक्षेत्र, भागलपुर |
| श्री राम प्रवेश यादव | –आंतरिक वित्तीय सलाहकार |

**विषयः–** Construction of Public Health Engineering Department Headquarter Building at Patna under P.H.Division, Patna West, Patna for the year 2024-25 (Engineering Procurement and Construction basis) under P.H. Division, Patna West, Patna for the year 2024-25 के कार्य हेतु e-tendering के माध्यम से प्राप्त निविदा **NIT-11/PHED/PATNA WEST/2024-25, Gr. No-01, Tender ID- 68047** के निष्पादन के संबंध में।

लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, पटना पश्चिम अंतर्गत विषयांकित कार्य हेतु e-tendering के माध्यम से **www.eproc2.bihar.gov.in** पर प्रकाशित कराई गई। प्राप्त निविदा **NIT-11/PHED/PATNA WEST/2024-25, Gr. No-01, Tender ID- 68047** का प्रिंट मिडिया एवं वेब मिडिया में व्यापक रूप से प्रचार–प्रसार किया गया है। यह निविदा दिनांक–12.09.2024 को प्राप्त की गई है।

उक्त कार्य जिसकी प्राक्कलित राशि –**8324.05 लाख रूपये** है, के लिए आमंत्रित निविदा में छः निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया है, जो निम्नवत हैं:–

| क्र0 सं0 | फर्म/कम्पनी का नाम |
|---|---|
| 1 | **M/s ST- GCPL JV** |
| 2 | **M/s Nalanda Engicon Pvt. Ltd. (JV)** |
| 3 | **M/s Super Construction Company** |
| 4 | **M/s Tribeni Constructions Limited** |
| 5 | **M/s Dipanshu Promoter & Builder Pvt. Ltd.** |
| 6 | **M/s Adyaraj Developers Private Limited** |

क्षेत्रीय पदाधिकारियों से प्राप्त तकनीकी बीड् की तुलनात्मक विवरणी एवं संलग्न अभिलेखों के आलोक में छः निविदाकारों द्वारा NIT के अनुसार आवश्यक डॉक्यूमेंट एवं दी गई अन्य सूचनाएँ निम्नवत् है :–

**1. M/s ST- GCPL JV**– M/s S. T. Construction Private Limited, G-102, Road NO.-13-A, Opp. Shaheen Bag, Jasola New Delhi – 110025 (Party No.-1), M/s Ganadhipati Construction Pvt. Ltd, 203, A-Block, Capitol Tower, Fraser Road, Patna (Party No.-2) एवं Gardenia Newtech Developers LLP, 2nd Floor, Madhuri Bhavan, Jamal Road, Patna, Bihar (Party No.-3) के द्वारा आमंत्रित निविदा में **M/s ST-GCPL-JV**, 203, A-Block, Capitol Tower, Frazer Road, Patna – 800001 के नाम से **JV** के रूप में निविदा में भाग लिया

गया है। निविदाकार **M/s ST-GCPL-JV** के द्वारा आमंत्रित निविदा में समर्पित अभिलेखों/दस्तावेजों की समीक्षा की गई। समीक्षोपरान्त पाया गया कि निविदाकार **M/s ST-GCPL-JV** के द्वारा समर्पित अभिलेख आमंत्रित निविदा के साथ संलग्न **JV Guidelines** के अनुरूप नहीं है। सर्वप्रथम निविदाकार **M/s ST-GCPL-JV** के द्वारा अग्रधन के रूप में समर्पित बैंक गारंटी **JV Guidelines की कंडिका 1.8** के अनुसार **M/s ST-GCPL-JV** के नाम से निर्गत होना चाहिए था परन्तु यह बैंक गारंटी JV के सिर्फ एक पार्टनर M/s Ganadhipati Constrruction Pvt. Ltd के नाम से निर्गत है, जो कि मान्य नहीं है। पुनः निविदाकार **M/s ST-GCPL-JV** के द्वारा निविदा में जो JV Agreement में अपलोड किया गया है उसके समीक्षा से स्पष्ट है कि JV Agreement दिनांक 10.09.2024 को बनाया गया तथा बाद में कलम से अधिलिखत (Overwrite) कर JV Agreement की तारीख को 12.09.2024 बनाया गया है। इस प्रकार कलम से (Overwrite) किया हुआ अभिलेख मान्य नहीं है, जो एकरारनामा के के तिथि के बाद का हो जाता है। पुनः निविदाकार **M/s ST-GCPL-JV** के द्वारा आमंत्रित निविदा में **JV Guidelines की कंडिका 2.2** के अनुसार निविदा में समर्पित अभिलेखों की सत्यता से संबंधित जो शपथ–पत्र समर्पित किया गया वह प्रथम श्रेणी कार्यकारी मजिस्ट्रेट के द्वारा निर्गत नहीं है जबकि **JV Guidelines की कंडिका 2.2** में यह स्पष्ट अंकित है कि **JV Guidelines की कंडिका 2.2** के अनुपालन में यह शपथ–पत्र प्रथम श्रेणी कार्यकारी मजिस्ट्रेट के द्वारा निर्गत होना अनिवार्य है। इस आलोक में निविदाकार **M/s ST-GCPL-JV** के द्वारा समर्पित शपथ–पत्र **JV Guidelines की कंडिका 2.2** के अनुसार नही होने के कारण मान्य नहीं है। पुनः निविदाकार **M/s ST-GCPL-JV** के तीनों पार्टनर में से किसी भी पार्टनर कम्पनी के द्वारा निर्गत Board Resolution निविदा में समर्पित नहीं किया गया है जिससे यह साक्ष्य प्राप्त हो सके कि तीनों कम्पनियों में किसे JV Agreement में हस्ताक्षर करने के लिए प्राधिकृत किया गया है। पुनः निविदाकार **M/s ST-GCPL-JV** के द्वारा समर्पित निविदा अभिलेखों की समीक्षा से यह भी स्पष्ट है कि JV के एक पार्टनर M/s Ganadhipati Construction Pvt. Ltd, 203, A-Block, Capitol Tower, Fraser Road, Patna (Party No.-2) के द्वारा **JV Guidelines की कंडिका 5.2** में निर्धारित तकनीकी अहर्ता (समान प्रकृति के कार्य का अनुभव) का कोई अभिलेख निविदा में समर्पित नहीं किया गया है। साथ हीं निविदाकर **M/s ST-GCPL-JV** के द्वारा निविदा में समर्पित Gardenia Newtech Developers LLP, 2nd Floor, Madhuri Bhavan, Jamal Road, Patna, Bihar (Party No.-3) के समान प्रकृति का अनुभव प्रमाण पत्र भी निविदा की क़ंडिका 7 (iv) एवं (v) के अनुपालन में नहीं है। Gardenia Newtech Developers LLP, 2nd Floor, Madhuri Bhavan, Jamal Road, Patna, Bihar (Party No.-3) के द्वारा Construction of Gravity Mall के कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र समर्पित किया गया है जिसमें कहीं भी एकरारनामा संख्या अंकित नहीं है, कार्य की लागत में **लगभग** शब्द का प्रयोग है, प्रमाण पत्र कार्यपालक अभियंता के अन्यून स्तर के पदाधिकारी के द्वारा निर्गत नहीं है एवं प्रमाण पत्र जिन सेवानिवृत कार्यपालक अभियंता से अभिप्रमाणित कराया गया है उनका मुहर एवं संर्पक सूत्र अंकित नहीं है जबकि निविदा की कंडिका 7 (iv) एवं (v) में स्पष्ट अंकित है कि **"The Completion certificate shall be issued by employer not below the rank of Executive Engineer or Sr. Project Manager"** परन्तु Gardenia Newtech Developers LLP के अनुभव प्रमाण पत्र **Executive Engineer or Sr. Project Manager** में से किसी के द्वारा निर्गत नहीं है। पुनः निविदाकार **M/s ST-GCPL-JV** के Lead Partner M/s S. T. Construction Private Limited, G-102, Road NO.-13-A, Opp. Shaheen Bag, Jasola New Delhi – 110025 (Party No.-1) के अनुभव प्रमाण पत्र संख्या Noida/SM(NTC)/2024/625 Dated 12/09/2024 में अंकित Name of Work एवं Nature of work में भिन्नता है। Name of work से स्पष्ट है कि प्रमाण पत्र में वर्णित कार्य सिर्फ Basement तक सिमित है एवं Nature of work में इस कार्य को Basement+G+8 बताया गया है। साथ हीं उक्त प्रमाण पत्र में अंकित कार्य के नाम Development of City Bus Terminal Sector-82, (Civil Plumbing and Electrical "Conducting up to Basement Slab only) से भी यह स्पष्ट है कि यह कार्य निविदा में

माँगी गई तकनीकी अहर्ता को पूरा नहीं करती है। साथ हीं इस प्रमाण पत्र पर नियोक्ता/Client का नाम एवं पता भी अंकित नहीं है। पुनः निविदाकार **M/s ST-GCPL-JV** के द्वारा निविदा में समर्पित अभिलेखों में इसी निविदा के एक अन्य निविदाकार M/s Dipanshu Promoter and Builder Pvt. Ltd के द्वारा BMS से संबंधित निष्पादित MOU समर्पित है जिसपर **M/s ST-GCPL-JV** का मुहर लगा हुआ है, जिससे स्पष्ट है कि दोनों निविदाकार **M/s Dipanshu Promoter and Builder Pvt. Ltd** एवं **M/s ST-GCPL-JV** के द्वारा आपसी सामंजस्य बनाकर आमंत्रित निविदा में भाग लिया गया है, जो कि ठेकेदार निबंधन नियमावली 2007 का स्पष्ट उल्लंघन है। अतः निविदाकार **M/s ST-GCPL-JV** के द्वारा निविदा में समर्पित अभिलेखों के समीक्षोपरान्त निविदाकर **M/s ST-GCPL-JV** को आमंत्रित निविदा के साथ संलग्न **JV Guidelines की कंडिका 1.8, 2.2, एवं 5.2, निविदा की कंडिका 7 (iv) एवं (v) के अलावे उपरोक्त वर्णित कारणों के आलोक में** इन्हें तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा **तकनीकी बीड मूल्यांकन में नॉन रेस्पॉन्सिव पाया गया।**

**2. M/s Nalanda Engicon Pvt. Ltd. (JV)**– निविदाकार M/s Nalanda Baba JV, के द्वारा आमंत्रित निविदा में समर्पित दस्तावेजों/अभिलेखों की समीक्षा में यह पाया गया कि निविदाकार M/s Nalanda Baba JV के Lead Partner M/s Baba Construction private Limited के द्वारा जो समान प्रकृति के कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र समर्पित किया गया है उसमें GRC एवं BMS कार्य का अनुभव नहीं है। निविदाकार M/s Nalanda Baba JV के other Partner M/s Nalanda Engicon Private Limited का कोई भी समान प्रकृति का अनुभव प्रमाण पत्र निविदा में समर्पित नहीं किया है। अतः निविदाकार M/s Nalanda Baba JV के द्वारा समर्पित तकनीकी अहर्ता से संबंधित समान प्रकृति के कार्य का अनुभव **JV Guidelines की कंडिका 5.1, एवं 5.2, निविदा की कंडिका 7 C (iii) के अनुरूप नहीं होने के कारण** इन्हें तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा **तकनीकी बीड मूल्यांकन में नॉन रेस्पॉन्सिव पाया गया।**

**3. M/s Super Construction Company**–निविदाकार M/s Super Construction Company, First Floor, Plot No- 45, Super Enclave, Barlinge Layout, Hingna Road, Nagpur, Mahashtra - 440036, के द्वारा आमंत्रित निविदा में समर्पित अभिलेखों की समीक्षा की गई। इनके अनुभव प्रमाण पत्र का सत्यापन निर्गत करने वाले कार्यालय से कराया गया, जो सही पाया गया। इनके द्वारा अपलोड किए गए निविदा दस्तावेजों/कागजातों की समीक्षा तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के द्वारा की गई। समीक्षोपरान्त पाया गया कि इनके द्वारा निविदा में माँगी गई सभी अहर्ताओं को पूरा किया गया है, इसलिए तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा इन्हे तकनीकी बीड में **रेस्पॉन्सिव** पाया गया।

**4. M/s Tribeni Constructions Limited**–निविदाकार M/s Tribeni Constructions Limited, Tribeni's Commercial Complex, 2nd Floor, G. S. Road, Ulubari, Guwahati – 781007, Assam के द्वारा आमंत्रित निविदा में निविदा की कंडिका **7 (c) (i)** के अनुसार तीन समान प्रकृति के कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र समर्पित किया गया है। जिसमें प्रथम अनुभव प्रमाण पत्र Construction of New (Ten storied + two basement of parking) office building for Establishment under the Commissioner of taxes, Assam, Dispur, Guwahati – 6 कार्य का समर्पित किया गया है। जिसके समीक्षा मे यह पाया गया कि इनके द्वारा समर्पित अनुभव प्रमाण पत्र में आमंत्रित निविदा के तकनीकी अहर्ता में कंडिका **7 (c) (iii)** में माँगी गई अहर्ता, GRC एवं BMS से संबंधित कोई भी उल्लेख अंकित नहीं है। अतः ये कंडिका **7 (c) (iii)** माँगी गई अहर्ता को पूरा नहीं करते हैं। इनके द्वारा समर्पित द्वितीय समान प्रकृति का अनुभव प्रमाण पत्र Establishment of new medical college attached with District/Referral Hospital at Dubri, Assam (Balance work) कार्य का समर्पित किया गया है। जिसके समीक्षा में यह पाया गया है कि उक्त कार्य के अनुभव प्रमाण पत्र में भी कंडिका **7 (c) (ii) (iii)** में माँगी गई अहर्ता, Basement, GRC एवं BMS से संबंधित कोई भी उल्लेख अंकित नहीं है। अतः ये कंडिका **7 (c) (ii) (iii)** माँगी गई अहर्ता को पूरा नहीं

11/12

करते हैं। इनके द्वारा तृतीय समान प्रकृति का अनुभव प्रमाण पत्र Up-gradation of Jawahar Lal Nehru Medical College & Hospital, Bhagalpur under PMSSY (Phase-I) on Engineering, procurement and construction (EPC) basis SH: C/o Main Building Works including water supply, sanitary installation internal electrical installations, lifts, fire fighting system, automatic fire alarm system and air conditioning system – Package 1 कार्य का समर्पित किया गया है। इसकी समीक्षा में यह पाया गया कि अनुभव प्रमाण पत्र में तकनीकी अहर्ता से संबंधित कंडिका **7 (c) (ii) (iii)** में माँगी गई अहर्ता, Basement, GRC एवं BMS से संबंधित कोई भी उल्लेख अंकित नहीं है। अतः ये कंडिका **7 (c) (ii) (iii)** माँगी गई अहर्ता को पूरा नहीं करते हैं। अतः इन्हें तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा **तकनीकी बीड मूल्यांकन में नॉन रेस्पॉन्सिव पाया गया।**

**5. M/s Dipanshu Promoter & Builder Pvt. Ltd.**– निविदाकार M/s Dipanshu Promoter & Builder Pvt. Ltd, 2B, Vatika Apartment, Line Tank Road, Ranchi -834001 के द्वारा आमंत्रित निविदा में समर्पित अभिलेखों की समीक्षा की गई। समीक्षोपरान्त यह पाया गया कि इनके द्वारा समर्पित समान प्रकृति के कार्य के अनुभव प्रमाण पत्र में तकनीकी अहर्ता से संबंधित कंडिका **7 (c) (iii)** में माँगी गई अहर्ता, GRC एवं BMS से संबंधित कोई भी उल्लेख अंकित नहीं है। पुनः इनके द्वारा समान प्रकृति के कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र की समीक्षा से यह भी स्पष्ट होता है कि इनके पास HVAC work का भी अनुभव नहीं है। पुनः इनके द्वारा BMS & GRC कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र समर्पित करना चाहिए था परन्तु इनके द्वारा BMS & GRC कार्य के लिए एक निष्पादित MOU समर्पित किया है जो कि कंडिका **7 (c) (ii) (iii)** में माँगी गई अहर्ता के अनुरूप नहीं है। अतः इन्हें तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा **तकनीकी बीड मूल्यांकन में नॉन रेस्पॉन्सिव पाया गया।**

**6. M/s Adyaraj Developers Private Limited**– निविदाकार M/s Adyaraj Developers Private Limited, 202, Vishnu Palace, East Boring Canal Road, Patna - 800001 के द्वारा आमंत्रित निविदा में समर्पित अभिलेखों की समीक्षा की गई। इनके अनुभव प्रमाण पत्र का सत्यापन निर्गत करने वाले कार्यालय से कराया गया, जो सही पाया गया। इनके द्वारा अपलोड किए गए निविदा दस्तावेजों/कागजातों की समीक्षा तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के द्वारा की गई। समीक्षोपरान्त पाया गया कि इनके द्वारा निविदा में माँगी गई सभी अहर्ताओं को पूरा किया गया है, इसलिए तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा इन्हे तकनीकी बीड में **रेस्पॉन्सिव** पाया गया।

## स्क्रूटनी समिति की अनुशंसा

सम्यक विचारोपरान्त स्क्रूटनी समिति द्वारा सर्वसम्मति से निविदाकार **M/s ST-GCPL-JV,** 203, A-Block, Capitol Tower, Frazer Road, Patna – 800001, **M/s Nalanda Baba JV**, 4th Floor, N. P. Tower, Main Road, Kankarbagh, Patna – 800020, **M/s Tribeni Constructions Limited**, Tribeni's Commercial Complex, 2nd Floor, G. S. Road, Ulubari, Guwahati – 781007, Assam एवं **M/s Dipanshu Promoter & Builder Pvt. Ltd**, 2B, Vatika Apartment, Line Tank Road, Ranchi -834001 को तकनीकी बीड में **नॉन रेस्पॉन्सिव** पाये जाने उपरान्त **असफल** करने तथा निविदाकार **M/s Adyaraj Developers Private Limited**, 202, Vishnu Palace, East Boring Canal Road, Patna – 800001 एवं **M/s Super Construction Company**, First Floor, Plot No- 45, Super Enclave, Barlinge Layout, Hingna Road, Nagpur, Mahrshtra – 440036 को तकनीकी बीड में **रेस्पॉन्सिव** पाये जाने उपरान्त **सफल** करने की अनुशंसा के साथ सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति में रखने का निर्णय लिया गया।

## निविदा समिति का निर्णय

सम्यक् विचारोपरान्त विभागीय निविदा समिति द्वारा सर्वसम्मति से तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के अनुशंसा पर आपत्ति/परिवाद दर्ज करने हेतु दिनांक 11/12/24 को 10.00 बजे पूर्वाहन् तक विभागीय वेबसाईट पर रखने हेतु निर्णय लिया गया। यदि निविदा से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति/परिवाद प्राप्त होती है तो मुख्य अभियंता तकनीकी बीड स्क्रूटनी समिति की बैठक आहूत करेंगें एवं पुनः विचार/अंतिम निर्णय हेतु अगली विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगें। यदि किसी प्रकार की आपत्ति/परिवाद प्राप्त नहीं होता है तो मुख्य अभियंता तकनीकी बीड में रेस्पॉन्सिव निविदाकार **M/s Adyaraj Developers Private Limited**, 202, Vishnu Palace, East Boring Canal Road, Patna – 800001 एवं **M/s Super Construction Company**, First Floor, Plot No- 45, Super Enclave, Barlinge Layout, Hingna Road, Nagpur, Mahashtra – 440036 का वित्तिय बीड खोलकर अग्रेतर कार्रवाई करेंगें।

(राम प्रवेश यादव)
आंतरिक वित्तीय सलाहकार

(प्रसुम्न कुमार)
मुख्य अभियंता, भागलपुर प्रक्षेत्र, भागलपुर

(रामचन्द्र पाण्डेय)
मुख्य अभियंता, पूर्णियाँ प्रक्षेत्र, पूर्णियाँ

(राजेश प्रसाद सिन्हा)
मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र, मुजफ्फरपुर

(दया शंकर प्रसाद)
मुख्य अभियंता, दक्षिण बिहार –सह–मुख्य अभियंता, रूपांकण

(नित्यानन्द प्रसाद)
मुख्य अभियंता, पटना प्रक्षेत्र, पटना

(अवकाश पर)
(मो0 सादुल्लाह जावेद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव

(पंकज कुमार)
प्रधान सचिव